StudentBounty.com

अंतराष्ट्रीय भारतीय विद्यालय,दम्माम

प्रथम औपचारिक परीक्षा 2011-2012

Set-B

विषय-हिंदी    कक्षा-6    अंक:90    समय:3 घंटे

निर्देश: 1) इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं- क और ख।

2) प्रश्न संख्या सावधानी पूर्वक लिखें।

3) इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं

खंड-क

प्रश्न- 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिकिए-    5 x 1 = 5

चलना मनुष्य का स्वभाव है। पानी भी चलता है, हवा भी चलती है और मनुष्य भी चलता है। प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्तान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे। फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा। इन्हें चार लोग उठाते थे। पालकियों का प्रयोग स्त्रीयों के लिए किया जाता था। पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया। इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे-धीरे इसी पहिए से मशीन से चलने वाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगीं ।

(क) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक है-

(i) पहिए का खोज, (□□) बैलगाड़ी की खोज, (iii) पालकियों की खोज

(ख) प्राचीन काल में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए मनुष्य क्या करता था ?

(i) तैरता था, (ii) उड़ता था, (iii) पैदल यात्रा करता था

(ग) आमतौर पर किसके लिए पालकियों का प्रयोग किया जाता था-

(i) बच्चों के लिए, (ii) स्त्रियों के लिए, (iii) बड़ों के लिए

(घ) पहिए के आविष्कार से क्या लाभ हुआ ?

(i) यात्रा सुगम हो गई, (ii) यात्रा कठिन हो गई, (iii) दोनों सही है

(ङ) आविष्कार शब्द का अर्थ है-

(i) खोज, (□□) सत्यनाश करना, (iii) तोड़ना

प्रश्न 2 पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए-    5 x 1 = 5

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

हेलेन केलर (अमेरिका) एक ऐसा नाम है जो घोर अंधकार के बीच भी रोशनी देता रहा। कल्पना करो कि सकता हो, न देख सकता हो फिर भी वह लिखना-पढ़ना और बोलना सीखले, ऐसी थी हेलेन केलर। जब वे डेढ़ थी, बचपन की एक गंभीर बीमारी की वजह से उनकी देखने और सुनने की शक्ति जाती रही, लेकिन उन्होंने हार न मानी। कॉलेज के दिनों में ही अपनी आत्मकथा 'स्टोरी ऑफ लाइफ' प्रकाशित की। दुनिया की सभी भाषाओं में इस किताब के अनुवाद हुए हैं। उन्होंने दुनिया भर में घूम-गूमकर अपने जैसे लोगों के अधिकारों और विश्व शांति के लिए काम किया।

(क) हेलेन केलर किस देश की थी ?

(i) अमेरिका, (□□) भारत, (□□□) आफ्रिका

(ख) कितने साल की उम्र में उनके देखने और सुनने की शक्ति चली गई ?

(i) एक साल, (□□) ढ़ाई वर्ष, (□□□) डेढ़ वर्ष

(ग) उनकी 'आत्लकथा' का क्या नाम है ?

(i) स्टोरी ऑफ डेथ, (ii) स्टोरी ऑप लाईफ, (iii) स्टोरी ऑफ हेलेन

(घ) दुनिया के कितनी भाषाओं में इस पुस्तक की अनुवाद हुई है ?

(i) दस, (ii) बीस, (iii) सभी

(ङ) हेलेन केलर दुनिया भर में घूमकर किसके लिए काम किया ?

(i) विश्वशांति के लिए, (ii) अंधे लोंगों की अधिकार के लिए, (iii) दोनों के लिए

प्रश्न-3 <u>दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिकिए:</u> 5 x 1 = 5

(क) अब भी हरी-भरी धरती हैं-
ऊपर नील वितान है।
पर न प्यार हो तो जग सूना-
जलता रेगिस्तान है।।

अभी प्यार का जल देना है-
हर प्यासी चट्टान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा-
मत बाँटों इंसान को।।

(1) किसको मत बाँटने का संदेश दिया हैं ?

(i) देवता, (ii) राक्षस, (□□□) इंसान

(2) वितान शब्द का अर्थ है-

(i) आकाश, (ii) धरती, (iii) समुद्र

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(3) कवि प्यासी चट्टान कैसे जल देने का संदेश देते हैं ?

(i) पाप का जल, (ii) पुण्य का जल, (iii) प्यार का जल

(4) इस कविता के कवि कौन है ?

(i) विनय मनोजन, (ii) विनय महाजन, (□□□) विनय सहाजन

(5) अगर प्यार नहीं है तो जग कैसा हो जाएगा ?

(i) जलता रेगिस्तान, (ii) खिलता रेगिस्तान, (iii) बिगड़ता रेगिस्तान

प्रश्न-4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिएः 5 x 1 = 5

(क) राजा के दरबार में आते ही सभी ____________ खड़े हो गए। (प्रजा/प्रजाजन)

(ख) मोहन __________ कक्षा में पढ़ता था। (दूसरी/तीसरी)

(ग) 'पडोसिन' शब्द का पुल्लिंग __________ हैं। (पड़ोस/पड़ोसी)

(घ) 'दीपक' शब्द का पर्यायवाची शब्द हैं _________ (दिया, दिप/दीया,दीप)

(ङ) केदारनाथ अग्रवाल _________ कविता के रचयिता हैं। (मत बाँटो इसांन को/वह चिड़िया जो)

प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिएः 4 x 1 = 4

(क) मोर, (ख) धोबी, (ग) नौकर, (घ) चिड़ा

प्रश्न-6 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिएः 4 X 1 = 4

(क) सज्जन, (ख) मिठाई, (ग) सेवा, (घ) रात

प्रश्न-7 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिएः 4 x 1 = 4

(क) जीवन, (ख) खरीदना, (ग) अपना, (घ) सरल

प्रश्न-8 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पयायवाची शब्द लिखिएः 3 x 1 = 3

(क) कमल, (ख) पर्वत, (ग) सूरज

प्रश्न-9 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिएः 4 x 1 = 4

(क) दिन मैं क बार होने वाला –

(ख) शहर में रहने वाला –

(ग) शिक्षा पाने वाला –

(घ) अत्याचार करने वाला –

प्रश्न-10 निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिएः ½ x 6 = 3

(क) अनडे, (ख) कारनीस, (ग) रोनक, (घ) सोटि, (ङ) सतयानाश, (च) सनतोषी

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

प्रश्न-11 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 3

(क) मुझे एक गरम कप चाय चाहिए।

(ख) तुम कहाँ रहते हैं ?

(ग) मैंने मेरा काम कर लिया ।

(घ) प्रश्न-7 'मैं और मेरा परिवार' – इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए

खंड-ख

प्रश्न-12 'मैं और मेरा परिवार' – इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए 5

प्रशन-13 किन्हीं पाँच शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए: 5 x 1 = 5

(क) तबीयत, (ख) सूराख, (ग) सैर, (घ) मुग्ध, (ङ) यकायक, (च) गलीचा

प्रश्न-14 किन्हीं पाँच शब्दों के अर्थ लिखिए: 5 x 1 = 5

(क) तसल्ली, (ख) जिज्ञासा, (ग) बला, (घ) अचरज, (ङ) परखना, (च) प्रकोप

प्रश्न-15 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए: 5 x 1 = 5

(क) 'नादान दोस्त' पाठ के लेखक का क्या नाम हैं ?

(ख) मोहन के पिता डॉकटर को कितने रुपये दिए थे ?

(ग) चिड़िया ने कार्निस के ऊपर कितने अंडे दिए थे ?

(घ) घाटी और मैदान को किसका संदेश नहीं मिला ?

(ङ) 'इत्ती नई-नई बीमारियँ हैं'- किसने किससे कहा ?

(च) 'ऐसे-ऐसे' पाठ के लेखक का नाम क्या हैं ?

प्रश्न-16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 x 2 = 8

(क) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

(ख) संकट के समय के लिए कौन-कौन से नंबर याद रखे जाने चाहिए ?

(ग) हमने भगवान को कहाँ-कहाँ बाँट लिया हैं ?

(घ) कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार हैं ?

प्रश्न-17 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3 x 3 = 9

(क) केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या-क्या अनुमान लगाए ?

(ख) 'कुछ खास तो नहीं' – हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

(ग) ऐसे कौन-कौन से बहाने होते हैं जिन्हें मास्टर जी एक ही बार में सुनकर समझ जाते हैं ? ऐसे कुछ बहानों के बारे में लिखो ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers